तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 11 मार्च 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 जिला खेलकूद में दमकसा के खिलाड़ियों ने जीती ट्राफी



12 सायबर अपराध के खिलाफ, नरहरपुर...



## खबर संक्षेप



### उपसरपंच चुनाव में छह वोट से विजय हुए प्रिंस

**धनेलीकन्हार।** विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत मरकाटोला में उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में सरपंच के साथ साथ 13 वार्ड के सभी पंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के उपरांत मतगणना में भारत हिचामी को 4 वोट व प्रिंस पाण्डेय को 10 वोट मिले। पीठासीन अधिकारी संगऊराम दर्रो की उपस्थित में चुनाव हुआ। जीत की खबर लगते ही उनके सर्मथकों ने अबीर गुलाल व फूलों का हार पहनाकर जीत का जश्न मनाया।

### होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 14 मार्च होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाय) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल 4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी ने शुष्क दिवस के दौरान जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण सुनिश्चित करने का आदेश जिला आबकारी अधिकारी को दिया है।

### इंटर्नशिप पंजीयन के लिए आईटीआई में आज कैंप

**कांकेर।** भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 01 करोड़ युवाओं के 500 शीर्ष कम्पनियों इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू किया गया है, जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन के लिए 11 मार्च को कैंप का आयोजन किया जाएगा। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि उक्त कैम्प में 21 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए दसवीं, बारहवीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण की अंकसूची, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की फोटोकापी, आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य होगा।

## सियासत : अंतागढ़ विधानसभा में पंचायत चुनाव में कांग्रेस औंधे मुँह गिरी

# अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा ब्लाक में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- कोयलीबेड़ा में भाजपा के दिग्गजों की फेल हुई रणनीति, भाजपा की बागी बनीं अध्यक्ष
- अंतागढ़ में भाजपा की मनोरमा तीसरी बार बनी जनपद अध्यक्ष
- अंतागढ़ में भाजपा की बागी को हार का करना पड़ा सामना

कोयलीबेड़ा और अंतागढ़ विकासखंड में ऐसी स्थिति थी कि भाजपा में आपस में समन्वय बन जाता तो यह तय था कि निर्विरोध अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बन जाते। भाजपा के जिला संगठन की बात नहीं मानने पर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष में भाजपा के ही जनपद सदस्य आपस में चुनाव लड़ने के लिए डट गए। अंततः कोयलीबेड़ा जनपद पंचायत के अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के बागी होकर चुनाव लड़ने वाली जनपद सदस्य श्यामबती मंडावी अध्यक्ष बनी। इसी प्रकार से अंतागढ़ में भाजपा की मनोरमा मंडावी तीसरी बार अध्यक्ष बनी, वहीं बागी होकर चुनाव लड़ने वाली ज्योति उइके को हार का सामना करना पड़ा।

कोयलीबेड़ा विकासखंड में 25 जनपद क्षेत्र थे, जिसमें भाजपा के 20 जनपद सदस्य जीतकर आएं थे। भाजपा अनुशासित संगठन माना जाता है और प्रदेश एवं जिले से जिसका नाम आता है, उसका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनना तय होता है। कोयलीबेड़ा विकासखंड के स्थानीय संगठन के पदाधिकारियों ने भाजपा की थोपने वाली कार्यशैली का विरोध करते हुए बागी होकर चुनाव लड़ने के लिए एकजुट हो गए। भाजपा संगठन ने सरोज उसेंडी को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया था और उपाध्यक्ष के लिए मंजू सरकार को प्रत्याशी घोषित किया था।

अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से बागी होकर श्यामबती मंडावी ने नामांकन दाखिल कर दिया और मतदान की स्थिति निर्मित हो गई। मतदान होने पर भाजपा से बागी होकर लड़ने वाली श्यामबती मंडावी को 13 मत मिले, वहीं सरोज उसेंडी को 12 मत मिले। भाजपा की बागी जनपद सदस्य अध्यक्ष बन गई।

इसी प्रकार से उपाध्यक्ष के लिए भाजपा की प्रत्याशी मंजू सरदार के खिलाफ भाजपा से बागी होकर जनपद सदस्य कार्तिक विश्वास ने नामांकन दाखिल कर दिया। उपाध्यक्ष के लिए मंजू सरदार को 15 और कार्तिक विश्वास को 10 वोट मिले। पखांजुर में जिस प्रकार की परिस्थितियाएं बनी हुई है, इस पर आने वाले समय में भाजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है।



### भाजपा संगठन की रणनीति हुई फेल

विकासखंड कोयलीबेड़ा के लिए जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए 10 मार्च को चुनाव होना तय था, समन्वय बनाने के लिए कांकेर जिले से भाजपा के वरिष्ठ नेता भरत मटियारा और जिला महामंत्री ब्रजेश चौहान एवं एक अन्य नेता पखांजुर पहुँचे थे। जनपद सदस्यों व स्थानीय नेताओं से बात करके समन्वय बनाने का प्रयास किया, परंतु अंत तक समन्वय नहीं बना। पखांजुर पहुँचे भाजपाके दिग्गज नेताओं ने भाजपा संगठन से मिले नाम के आधार पर जनपद अध्यक्ष के लिए सरोज उसेंडी और उपाध्यक्ष के लिए मंजू सरदार को अधिकृत किया। भाजपा संगठन की किरकिरी हुई, परंतु स्थानीय किसी भी भाजपा नेता ने किसी भी तरह की कोई टिप्पड़ी नहीं किया।



### अंतागढ़ जनपद में मनोरमा तीसरी बार बनीं अध्यक्ष

जनपद पंचायत अंतागढ़ में 13 जनपद क्षेत्र है। भाजपा की ओर से मनोरमा मंडावी सबसे सीनियर जनपद सदस्य है और तीसरी बार जनपद सदस्य बनी। भाजपा ने उनको अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया। भाजपा संगठन की ओर से मनोरमा मंडावी ने नामांकन दाखिल किया, वहीं भाजपा से बागी होकर ज्योति उइके ने भी नामांकन दाखिल कर दिया। मतदान होने के उपरांत मनोरमा मंडावी को 08 और भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ने वाली ज्योति उइके को 05 मत मिले। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से कुबल सिंह भुसाखरे को और कांग्रेस ने राजेश्वरी जैन को प्रत्याशी बनाया। मतदान के उपरांत कुबल सिंह भुसाखरे को 08 और राजेश्वरी जैन को 05 मत मिले।

## होटल रूम बुकिंग की बात पर कर्मचारियों से मारपीट 3 आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



शहर के मांझापारा स्थित हॉटल के कार्मचारियों के साथ एक बार फिर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना के दो दिन बाद पीड़ित ने कांकेर थाना में तीन लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे थाना नरहरपुर अंतर्गत ग्राम धनेसरा निवासी 25 वर्षीय लेखराज साहू पिता स्व. गिरधारी लाल साहू ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में मांझापारा के हॉटल में रहकर काम करता हूं। हॉटल में 8 मार्च को सुबह करीबन पौने 11 बजें कांकेर निवासी सरदार खान उर्फ अंगा, शेख शोएब उर्फ शोबू एवं बाबू उर्फ तौफिक मेमन होटल में आए और होटल में रूम देने की बात को लेकर अरूण यादव को गाली देने लगे। मैं बीच बचाव करने गया, परंतु आरोपी सरदार खान उर्फ अंगा, शेख शोएब उर्फ शोबू और बाबू उर्फ तौफिक मेमन बोलने लगे कि तुम लोग बहुत होशियार बन रहे हो और आवेश में आकर तीनों एक राय होकर कहने लगे कि तुम लोगों को जान से मार डालेंगे। जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों युवकों ने अरूण यादव को हाथ मुक्का व थप्पड़ से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे दांए कांधा व पीठ तथा अरूण यादव के पीठ, सीना व दाहिने हाथ में चोंटे आई हैं। मेरे द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता, तो अरूण के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। उक्त आरोपियों में एक आरोपी इसके पहले भी महिला स्टाप के साथ भी दुर्व्यवहार करते हुए विवाद किया था। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### चिरायु योजना से बच्चे को मिला नया जीवन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय से 30 किमी. दूर पहाड़ी से घिरा ग्राम सुभानी खेड़ेगांव में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हुई। आंगनबाडी सुभानी खेड़ेगाव की रविना उम्र एक साल जन्म से ही क्लब फुट से पीड़ित थी। दुर्गुकोंदल चिरायु टीम को इस बच्चे के बारे में पता चलने पर चिरायु में पदस्थ डॉ. मुकेश साहू ने बच्चे के घर जाकर परीक्षण किया, बच्चा चलने फिरने मे असमर्थ था परिजनों को समझाकर इस बच्चे को चिरायु वाहन से जिला अस्पताल कांकेर लाया गया और जिसका सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया।

## गढ़पिछवाड़ी में तीन साल पहले हुई हत्या दोषी को उम्रकैद, 500 रुपए का अर्थदंड भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

गढ़पिछवाड़ी में तीन सल पहले हुई हत्या के मामले में पुलिस के द्वारा प्रस्तुत किए गए पुख्ता सबूत और साक्ष्य मिलने पर प्रधान न्यायाधीश आनंद ध्रुव ने हत्यारें को आजीवन कारावास और 500 रूपएं की आर्थिक दंड की सजा सुनाई।

शासन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता ईश्वर लाल साहू ने बताया कि 21 जून 2023 की रात लगभग 9 बजे मृतक अमर सिंह अपने साथी धीरपाल नाग के साथ घूमने के लिए निकला था। आरोपी गढ़पिछवाड़ी निवासी 59 वर्षीय चमरू राम सलाम पिता स्व. धनीराम सलाम मोटर सायकल से आया और पुरानी रंजिश के चलते मृतक को गाली देने लगा और अपने साथ लाए कुल्हाड़ी से धीरपाल नाग के पीठ और कमर में वार किया। हमले को देख मृतक अमर सिंह ने कहा कि उसे क्यों मार रहें हो, ऐसा कहने पर आरोपी चमरू राम ने उसी कुल्हाड़ी से अमर सिंह के सिर में जोरदार हमला कर दिया, जिससे मृतक को गंभीर चोट आया और वही पर गिर गया। धीरपाल अपनी जान बचाकर भाग निकला। मृतक के चिल्लाने पर मृतक की पत्नी यशोदा तेता पहुँची और उसे देखकर कुल्हाड़ी से हमला करने वाला आरोपी मोटर सायकल लेकर भाग गया। मृतक को ईलाज के लिए अस्पताल ले गए, परंतु ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चमरूराम सलाम के खिलाफ धारा धारा 294, 506, 307, 302 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया। पुलिस ने ▸▸| शेष पेज 10 पर






## राशन दुकान में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

# राशन वितरण में अनियमितता से आंवरी के ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा

- सरपंच व खाद्य अधिकारी निरीक्षण करने पहुँचे, जल्द सुधरेगी व्यवस्था

विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत आंवरी में उचित मूल्य की दुकान में राशन वितरण में गड़बड़ी के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान का सेल्समैन मनमाने तरीके से काम कर रहा है और उसके व्यवहार को लेकर भी लोगों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच और वार्ड पंचों से शिकायत किया, इसके बाद सरपंच मौके पर पहुंचे और दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नही उठाया गया है। गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब भी वे राशन लेने जाते हैं, तो घंटों इंतजार करना पड़ता है, लेकिन फिर भी सही समय में राशन नहीं मिलता। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत किया कि ▸▸| शेष पेज 10 पर



### खाद्य अधिकारियों ने दिलाया भरोसा

शिकायत पर मामले की गंभीरता को लेते हुए खाद्य विभाग के अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों को सुना और उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने सेल्समैन को सख्त निर्देश दिए कि राशन का वितरण सही तरीके से और समय पर किया जाए, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। खाद्य विभाग के निरीक्षण के बाद उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को उनके हक का राशन समय पर और बिना किसी परेशानी के मिल सके।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## फरसागुड़ा में भजन कीर्तन और धार्मिक आयोजन आज



**जगदलपुर।** 10 मार्च को बलीराम कश्यप की पुण्यतिथि व 11 मार्च को जन्मतिथि के मौके पर हर साल विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष उनकी स्मृति में फरसागुड़ा भानपुरी में 2 दिवसीय हरि कथा संकीर्तन का आयोजन किया गया है। कश्यप परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। विभिन्न इलाकों से पहुंचे रामायण मंडली और सत्संग समिति द्वारा जीवंत प्रस्तुति इस मौके पर दी जाएगी। आयोजक मनकी देवी कश्यप, दिनेश कश्यप, केदार कश्यप, समस्त कश्यप परिवार एवं ग्रामवासी भानपुरी फरसागुड़ा ने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## मिशन बिहान के विभिन्न पदों पर आवेदन 24 तक

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन 24 मार्च तक मंगाए गये हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने बताया कि कोंडागांव जिले में विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, कार्यालय सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के संविदा रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए दर्शित पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफा में केवल स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन मगाए जा रहे हैं। आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव जिला कोण्डागांव छ.ग. के पते पर निर्धारित अंतिम तिथि 24 मार्च शाम 5:30 तक आमंत्रित किये गये हैं। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई-मेल अथवा इलेक्ट्रानिक व अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किये जावेगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। चयन के लिए विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिला पंचायत कोण्डागांव के सूचना पटल एवं जिले के वेब साईट पर देखा जा सकता है।

## 14 को होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों के तहत छत्तीसगढ़ आबकारी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 एवं आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार 14 मार्च को 'होली' के अवसर पर 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत 14 मार्च को 'होली' के अवसर पर जिले के समस्त देशी सीएस 2 घघ, विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 घघ एवं एफएल 7 सैनिक केन्टीन फुटकर पूर्णतः बंद रखा जायेगा तथा अवैध शराब बिक्री, धारण परिवहन आदि पर समुचित कार्यवाही की जायेगी।

# राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन 23 मार्च 2025, रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित होगी। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के नेतृत्व में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में सोमवार को अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की सदस्य सचिव श्रीमती भारती प्रधान ने महापरीक्षा अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों व परियोजना अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मार्च को होगी परीक्षा

### प्रश्न पत्र हल करने के लिए 03 घंटे का समय

इस महापरीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जा रहा है, जो शिक्षा की मुख्य धारा से कटे हुए या जो प्रांरभ से ही शाला त्यागी थे। इनके अलावा ऐसे नवसाक्षर जिन्होंने साक्षरता कक्षा में उल्लास प्रवेशिका के 200 घंटे की पढ़ाई पूरी कर ली है, उन्हें इस महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित कराया जा रहा है। शिक्षार्थियों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 03 घंटे का समय दिया जायेगा। प्रश्न पत्र तीन भाग में है पहला भाग – पढ़ना, दूसरा– लिखना, तीसरा– गणित। प्रत्येक भाग 50 अंको का होगा, जिसमें प्रत्येक भाग में न्यूनतम 20 अंक प्राप्त करने वाले ही सफल माने जाएंगे।



### ये रहे मौजूद

*बैठक में बीपीओ दवल सिंह पोटाई, कंवल सिंह पोया, माखन राम कोमरा, विकास ध्रुव, सखाराम वटी, जोगेंद्र पोयाम, देव साईं सलामी, तुलसीदास नेताम, राजेंद्र साहनी, रविंद्र कुमार तुरकर, कवल साय, कुलदीप और रूपेंद्र साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

### निगरानी के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना

सभी विकासखण्ड परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने विकासखण्डों के चिन्हांकित ग्राम पंचायत व वार्ड के प्रधान पाठकों व शिक्षकों की बैठक लेकर परीक्षा पूर्व की तैयारी अवश्य पूर्ण कर लें। प्रत्येक विकासखण्ड में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जो परीक्षा के दौरान समय-समय पर रिपोर्टिंग करेगा।

### जिले में 40,000 परीक्षार्थियों को साक्षर बनाने का लक्ष्य

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कोंडागांव जिले में 40,000 परीक्षार्थियों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने समाज के सभी वर्गोंर् से अपील की कि वे साक्षरता केंद्रों में पढ़ने-लिखने वाले शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें। जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव ने अभियान की मॉनिटरिंग, प्रचार-प्रसार, नामांकन, पंजीकरण और डेटा कम्प्यूटरीकरण की जिम्मेदारी तय की। वहीं, जिला स्त्रेत सदस्य हिमांशु सिन्हा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अभियान से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षित किया।

### ग्रामीणों के विरोध के चलते रुका 4.42 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा प्रोजेक्ट

# बस्तर का मेडिकल वेस्ट जोन विवादों में, चार साल से अधूरा पड़ा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभाग के सात जिलों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के लिए जिले के ग्राम कोकोड़ी में बन रहा मेडिकल वेस्ट जोन अब विवादों में फंस गया है। चार साल पहले शुरू हुए इस प्रोजेक्ट का 80 प्रतिशत काम पूरा होने के बाद भी ग्रामीणों के विरोध के चलते निर्माण ठप पड़ा है। इस योजना के तहत अस्पतालों, क्लीनिक और मेडिकल स्टोर्स से निकलने वाले खतरनाक जैविक अपशिष्ट को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करने की व्यवस्था की जानी थी। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने शुरू से ही इस प्रोजेक्ट का विरोध किया। जिससे 4.42 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह प्रोजेक्ट अधर में लटक गया।

- बस्तर के सातों जिलों के अस्पतालों के लिए बन रहा था यह जोन





### ग्रामीणों का आरोप फर्जी तरीके से मिली थी स्वीकृति

स्थानीय निवासियों का कहना है कि ग्रामसभा की सहमति के बिना ही प्रशासन ने परियोजना को मंजूरी दे दी। ग्रामीणों का दावा है कि राशन कार्ड के नाम पर उनसे प्रस्ताव में हस्ताक्षर करवाए गए, जबकि वे शुरुआत से ही गांव में इस निर्माण के खिलाफ थे। हालांकि, प्रशासन ने ग्रामीणों को बिलासपुर के मेडिकल वेस्ट जोन का दौरा भी करवाया ताकि वे इस प्रोजेक्ट की उपयोगिता को समझ सकें। बावजूद इसके, ग्रामीणों का विरोध जारी रहा। उनकी आपत्ति केवल यह थी कि मेडिकल वेस्ट जोन को गांव के अंदर न बनाकर दूर जंगल में बनाया जाए, ताकि स्थानीय आबादी इससे प्रभावित न हो।

### प्रशासन ग्रामीणों से संवाद करेः सीएमएचओ

डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मेडिकल वेस्ट का सुरक्षित निपटान बेहद जरूरी है, क्योंकि ये गंभीर बीमारियों और पर्यावरण प्रदूषण का कारण बन सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह ने कहा, यह प्रोजेक्ट बस्तर संभाग के लिए वरदान साबित हो सकता था। मेडिकल वेस्ट का सही ढंग से निपटान न होने से गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस योजना को पुनः शुरू करने के लिए ग्रामीणों से संवाद स्थापित करे।

### ये है मेडिकल वेस्ट जोन का महत्व

अस्पतालों, क्लीनिक और मेडिकल स्टोर्स से रोजाना कई क्विंटल जैविक और रासायनिक कचरा निकलता है, जिसका सही निपटान न होने से संक्रमण फैल सकता है। मेडिकल वेस्ट में इंजेक्शन, पट्टियां, दवाओं के रेपर, ड्रिपिंग पाइप, बोतलें आदि शामिल होती हैं, जो सीधे जल, मिट्टी और वायु को प्रदूषित कर सकती हैं। गलत तरीके से डिस्पोजल किए गए मेडिकल वेस्ट से महामारी तक फैलने की आशंका रहती है।

### कैसे सुलझेगा मामला

प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन गई है। अगर यह परियोजना पूरी होती है, तो बस्तर संभाग के सात जिलों को फायदा मिलेगा और मेडिकल वेस्ट का सुरक्षित निपटान संभव होगा। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते यह प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस विवाद को कैसे सुलझाता है और क्या यह महत्वपूर्ण योजना फिर से शुरू हो पाएगी या नहीं।

# ग्रामीणों को दिया गया लाख, कोसा व मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वनमंडल केशकाल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र-बड़ेराजपुर के नर्सरी गोविंदपुर में केशकाल वन मंडलाधिकारी एन. गुरूनाथन की उपस्थिति में मधुमक्खी पालन, लाख पालन एवं कोसा पालन के लिए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विकास मित्र संस्था कोण्डागांव से डॉ. धनराज कुलदीप, मधुमक्खी एवं लाख पालन विशेषज्ञ, डॉ. रायसिंह मेश्राम मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ, डॉ. पी. रेडड़ी वैज्ञानिक कोषा प्रशिक्षण केन्द्र बस्तर एवं टी. एच. सिद्धिकी रेशम कीट पालन विशेषज्ञ द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन, लाख पालन एवं कोषा, रेशम कीट पालन के संबंध में चर्चा किया तथा ग्रामीणों को उसके पालन की विधि, उपयोग एवं होने वाली आय वृद्धि तथा लाभ की जानकारी दी गई। वनमंडलाधिकारी द्वारा विशेष रूप से वनों को आग से बचाने हेतु ग्रामीणों से आग्रह किया।

- गोविंदपुर नर्सरी में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन

### ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण कार्यशाला में केशकाल उप वन मंडलाधिकारी श्रीमती सुषमा जे. नेताम, वन परिक्षेत्र अधिकारी मिर्जा फिरोज बेग, हेमलाल पुजारी, के.के. ठाकुर, राधेश्याम कश्यप, संदीप नेताम, मुलचंद मरकाम, महेश कोर्राम, बृजलाल नेताम, वन प्रबंधन समिति गोविंदपुर का अध्यक्ष भुवन मरकाम, ग्रामीण कांता पुजारी, तुलसी मरकाम, मेहत्तर कोर्राम, श्यामलाल कोर्राम एवं सैकड़ों ग्रामीण एवं वनकर्मचारी उपस्थित रहे।

## जन सुविधा के लिए चार नई उचित मूल्य की दुकानें होंगी संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनसुविधा के लिए कोण्डागांव अनुविभाग में चार नई शासकीय उचित मूल्य के दुकानों की स्वीकृति मिली है। इसके अंतर्गत तहसील कोण्डागांव के ग्राम पंचायत मसोरा के आश्रित पारा छुईडोडा और कुम्हारपारा में नई उचित मूल्य दुकानों का संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कोकोड़ी के आश्रित पारा खुटडौंबरा तथा तहसील माकड़ी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पीढ़ापाल के आश्रित ग्राम अरंगुला में हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों का संचालन किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एजेंसी व समिति 17 मार्च 2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्रों के परीक्षणोपरांत संबंधित एजेंसी, संस्था, समूह को उचित मूल्य दुकान आबंटन की कार्रवाई की जाएगी।

नवीन दुकान आबंटन के लिए एजेंसी ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक सहकारी साख समितियों, लैम्प्स समितियां, वन सुरक्षा समितियां, भूतपूर्व सैनिकों द्वारा गठित सहकारी समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों जो छत्तीसगढ़ सहकारिता अनिधिनियम 1960 अथवा छत्तीसगढ़ स्वायत्त सहकारी अधिनियम-1999 के तहत पंजीकृत हो एजेन्सियों का कार्यक्षेत्र उक्त संबंधित ग्राम पंचायत का होना अनिवार्य है, वे अपना आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा. कोण्डागांव में प्रस्तुत कर सकते हैं।



## राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 56,643 प्रकरणों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में 8 मार्च को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर अदालत का शुभारंभ किया। अदालत में कोंडागांव, केशकाल और नारायणपुर न्यायालयों में खंडपीठ स्थापित की गई। जहां विभिन्न मामलों का निपटारा किया गया। राजस्व न्यायालय में भी एक खंडपीठ बैठी। बैंक वसूली 40 प्रकरण, 31,32,474 रुपये। आपराधिक प्रकरण 20 प्रकरण, 4,10,000 रुपये। बिजली बिल 354 प्रकरण, 14,64,942 रुपये। मोटर दुर्घटना दावा 7 प्रकरण, 63,50,000 रुपये। चेक बाउंस 13 प्रकरण, 26,72,000 रुपये। अन्य सिविल 13 प्रकरण, 85,57,940 रुपये। ट्रैफिक चालान 1,335 प्रकरण, 1,90,000 रुपए। राजस्व प्रकरण 5,494 प्रकरण। नगर पालिका 1,943 प्रकरण, 33,02,825 रुपये। दूरसंचार 25 प्रकरण, 80,663 रुपये। अन्य मामले 47,395 प्रकरण, 65,41,000 रुपये। कुल मिलाकर 56,643 प्रकरणों का निपटारा हुआ और 3,26,97,844 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। अदालत में स्वास्थ्य शिविर और भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। जिससे दूर-दराज से आए लोगों को सुविधा मिली। यह लोक अदालत विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से सफल रही।

## जिपं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 के अंतर्गत जिला पंचायत कोण्डागांव के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत की नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम तथा सभी सदस्यों ने अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी और उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और अपने-अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कोंडागांव उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, उप संचालक पंचायत बलराम मोरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### होलिका दहन के दिन रंग उत्सव रात 8 बजे

जगदलपुर। रंगों का पर्व होली के पूर्व होलिका दहन की रात 8 बजे सिरहासार में रंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। विधायक किरण देव की मौजूदगी में होली पर्व को खुशनुमा और शानदार बनाने के लिए उनके समर्थक तैयारी में जुट गये हैं। 13 मार्च को कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए लोगों को सिरहासार में आमंत्रित किया गया है।

### बली दादा को याद करेंगे उनको चाहने वाले आज



जगदलपुर। बस्तर के विकास पुरूष, जननायक पूर्व सांसद दादा स्व. बलिराम कश्यप की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ता 11 मार्च को प्रातः 10.30 बजे बलिराम कश्यप के प्रतिमा स्थल, पावर हाउस चौक में पहुंचकर उन्हें याद करेंगें।

### निगम अध्यक्ष के कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**जगदलपुर।** जगदलपुर नगर निगम के नव निर्वाचित अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन के कार्यालय का पूजन एवं शुभारंभ आज नगर निगम कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे, अनेक पार्षदगण, पूर्व पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता, निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत 76 बच्चों को न्योता भोज

# सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक ने बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चिपावंड में सोमवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक रामसाय मरकाम ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 76 बच्चों को न्योता भोज कराया। इस दौरान उन्होंने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए और भजन गाकर अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया।

### बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना उद्देश्य

इस अवसर पर उनके साथ आए अतिथि नारायण जगत ने श्री मरकाम के सादे जीवन और सौम्य व्यवहार की प्रशंसा की। न्योता भोज में बच्चों को स्वादिष्ट खीर और पूड़ी परोसी गई। जिसे उन्होंने बड़े चाव से ग्रहण किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को मध्यान्ह भोजन के



अतिरिक्त पौष्टिक आहार प्रदान करना था। रामसाय मरकाम पूर्व में इसी संस्था में प्रधान अध्यापक के रूप में कार्यरत थे और यहीं से सेवानिवृत्त हुए। अपने कार्यकाल के दौरान भी वे अपने जन्मदिन पर इसी तरह बच्चों के लिए भोज का आयोजन करते रहे हैं।

### उपस्थित रहे ये

कार्यक्रम में सरपंच सूरज नेताम, संस्था प्रधान अध्यापक जानकी नेताम, सवित्री कोर्राम, शिक्षक गमला पुजारी, हीरालाल चुरेन्द्र, नीरज ठाकुर, रुपेश साहू, कुमुद पांडेय, प्रियंका पटेल, तुकेश्वर साहू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने श्री मरकाम के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना और इस आयोजन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था में कार्यरत रसोइयों—जगदेव, सोनाधर, सुरेंद्र और अनीता—का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने स्वादिष्ट भोजन तैयार किया।

## 8 संगीन मामले का इनामी वारंटी नक्सली गिरफ्तार

**कोंटा।** कोंटा थाना में छह और थाना भेज्जी में दो कुल आठ प्रकरण दर्ज एक स्थायी वारंटी नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। इस पर ग्रामीण की हत्या सुरक्षा बलों पर हमला, आईईडी ब्लास्ट मजदूरों से मार-पीट, लूटपाट, आगजनी आदि गंभीर मामले पंजीबद्ध हैं। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना कोंटा के तीन प्रकरणों में पूर्व से स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी था। गिरफ्तार नक्सली के पास से तीर-धनुष एवं नक्सल पाम्पलेट बरामद किया गया है। जिला पुलिस बल कोंटा एवं 228 वाहिनी सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही। ग्राम बंडा के पुलिया पास से मड़कम रामा पिता स्व. मड़कम कोसा उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोमपाड़ थाना कोंटा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार मड़कम रामा को नक्सल संगठन में गोमपाड़ आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर के पद पर कार्य करना बताया है। गिरफ्तार नक्सली को विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

**पेज 9 के शेष**

### गढ़पिछवाड़ी में तीन...

आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर 23 जून 2023 को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया था। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि प्रधान सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने मामले का विचारण किया तथा महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर आरोपी चमरूराम सलाम को धारा 302 भादवि के तहत अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आजीवन कारावास (सश्रम) तथा 500 रूपएं के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

### राशन वितरण में...

राशन की दुकान पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। गर्मी और बारिश के मौसम में लोगों को काफी परेशानी होती है, क्योंकि वहां छांव की कोई व्यवस्था नहीं है। बरसात के दिनों में राशन लेने आने वाले लोगों को भीगना पड़ता है, जबकि गर्मी में तेज धूप के कारण बुजुर्गों और महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग है कि राशन वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और सेल्समैन के व्यवहार में सुधार हो। इसके अलावा, राशन दुकान पर बुनियादी सुविधाएं जैसे छावनी और बैठने की उचित व्यवस्था किया जाए। सरपंच ने इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को जानकारी देने का आश्वासन दिया है।

**खबर संक्षेप**

## होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

बीजापुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2025 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत होली जिस दिन रंग गुलाल खेला जाएगा के अवसर पर 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषिक किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## डीएव्ही पॉलिटेक्निक ने लगाया राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर



गीदम। गीदम ब्लॉक के एजुकेशन सिटी जावंगा में एनएमडीसी डी ए व्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा महाविद्यालय ने रासेयो शिविर आयोजित किया। यह शिविर सात दिवस तक चला। भारत सरकार युवा एवं खेल मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के दिशानिर्देश में थीम डिजिटल साक्षरता के लिए युवा रखा गया। इसमें युवाओं द्वारा गोद ग्राम में डिजिटल साक्षरता पर जोर दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर ने बताया कि डिजिटल साक्षरता वर्तमान समय में बहुत ही महत्वपूर्ण है और उन्होंने सभी स्वयंसेवकों के इन सात दिनों में किया गए कार्य की सराहना की एवं देश सेवा हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सरपंच बोमड़ा राम कवासी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे हमेशा सेवा हेतु तत्पर रहे एवं अपने ज्ञान का प्रसार जरूर करे।

## महिलाओं का किया गया सम्मान



गीदम। गीदम के सांस्कृतिक भवन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष की सहमति से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसमें महिलाओ के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान यहां पहुँची महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कार्यक्रम में यहाँ पहुँचे स्वच्छता दीदियों व महतारी वंदना से लाभार्थी महिलाओं का सम्मान भी किया गया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा गीदम मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कल

सुकमा। छग पंचायत राज अधिनियम, 1933 की धारा-32 (3) सहपठित छग पंचायत उपसरपंच, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचन नियम, 1995 के नियमानुसार निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों से जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन कार्य 12 मार्च को समय प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष, कक्ष क्रमांक-8 में प्रस्तावित है। निर्वाचन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारी शनम्रता जैन के द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## कोबरा सीआरपीएफ परिवार ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जगदलपुर। करणपुर स्थित कोबरा सीआरपीएफ कैम्प में कोबरा जवानों के परिवार की महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ महिला दिवस मनाया। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं ने अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था। इस दौरान डॉ लक्ष्मी ने ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूक किया और कंचन ने सफल महिलाओं पर व्याख्यान दिया। मीनाक्षी मेहता और रुतमा ने अन्य उपयोगी जानकारी महिलाओं से संबंधित दी।

# सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन की सामाग्री की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 195 वीं वाहिनी द्वारा ग्राम मालेवाही में सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हाल के कुछ महीनों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 195 वीं वाहिनी ने माड़ एवं दक्षिणी बस्तर के दूरदराज के ग्रामीणों के साथ बेहतर और सहयोगात्मक संबंध बनाकर बल के प्रति अटूट विश्वास कायम किया है।

जिससे नक्सलियों में घोर बेचैनी और निराशा है ग्रामीणों के साथ बेहतर सहयोग और उन्हे विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु 195 वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एफ- 195 बटा. द्वारा मालेवाही थाना अंतर्गत ग्राम मालेवाही में सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 195 वीं वाहिनी केरिपु बल द्वारा ग्रामीणों से आपसी तालमेल बनाने के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों में सुरक्षा बल के जवानों के प्रति विश्वास जीतने के लिए ग्रामीणों को आवश्यक सामग्रियों जैसे दैनिक उपयोगी समानों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन के अनेक सामाग्री का ग्रामीणों में वितरण किया गया। जिसमें माड़ क्षेत्र से मालेवाही थाना अंतर्गत ग्राम पावेल, पिच्चीकोडेर, हर्राकोडेर, एरपुण्ड, मालेवाही, घोटिया, पावेल-हितामेटा, पुश्पाल एवं कप्पेमारी के काफी संख्या में पुरूषों महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित हुए। ग्रामीणों को कंबल, बर्तन, कृषि सामाग्री, साइकिल, बच्चों को अध्ययन व खेल-कूद आदि सामग्री के साथ-साथ बीमार ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को देश और क्षेत्र के विकास योजनाओं की ताजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहें लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शान्ति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 वीं वाहिनी ने ग्रामीणों के साथ अनुभव एवं विचारों को साझा करते हुए संबोधित किया। 195 वीं वाहिनी द्वारा इस कोर इलाके में विभिन्न अभियानों का सफलता पूर्वक परिचालन किया गया है। भारत सरकार के दिशा निर्देशन में राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए विश्वास एवं विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है। विधानसभा, लोकसभा एवं हाल में संपन्न पंचायत चुनावों में ग्रामीणों की अपूर्व भागीदारी एक सुरक्षित वातावरण का परिचायक तो है ही साथ ही ग्रामीणों की मुख्यधारा में जुड़ाव की व्याकुलता एवं समृद्धि की आकांक्षा का भी घोतक है। आज 195 वीं बटालियन द्वारा तैयार किए गए सुरक्षित वातावरण में नारायणपुर-बारसुर रोड पर आवागमन, गाँवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का सफलतापूर्वक परिचालन, स्कूल, आश्रमों में छात्रों की प्रतिशतता में बढ़ोतरी एवं नए बाजारों को खुलना अबुझमाड़ की एक अलग कहानी कह रही है। इस अवसर पर 195 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन किया गया एवं उनके इस बदलते परिदृश्य पर चर्चा भी की गई।

## राज्य स्तरीय स्पर्धा में दिव्यांग छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन उम्दा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सुकमा जिले के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। यह प्रतियोगिता स्व. बीआर यादव खेल परिसर, बहतराई, बिलासपुर में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने भाग लिया।

सुकमा जिले के प्रतिभागियों ने सभी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुल 20 मेडल हासिल किए और ओवरऑल उपविजेता बने। उन्होंने 8 विधाओं में प्रथम स्थान, 8 में द्वितीय स्थान और 4 में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दो दिवसीय आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया सामूहिक नृत्य, फुटबॉल किक, सामूहिक गीत, एकल नृत्य, स्पर्श द्वारा कपड़ों में भेद, सॉफ्ट बॉल, गोला फेंक, कुर्सी दौड़। द्वितीय स्थान हासिल किया वॉकर दौड़, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, 50 मीटर दौड़, एकल गीत, ट्राइसाइकिल दौड़, लंबी कूद में। तृतीय स्थान हासिल किया लंबी कूद, गोला फेंक पर कब्जा किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में सुकमा जिले के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि अवनीश शरण कलेक्टर बिलासपुर, एसपी रजनीश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल का पारंपरिक तिलक लगाकर स्वागत किया और सांकेतिक भाषा में परिचय देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

## क्षेत्र के विकास के लिए मिलजुल कर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर



जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष , उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का प्रथम सम्मिलन जिला पंचायत में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, उपाध्यक्ष पेरे पुल्लैया सहित सभी सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष जानकी कोरसा ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करने को कहा। जिला सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देने के साथ ही कहा कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं से भली-भांति वाकिफ होते है। इसलिए जिले अंदरूनी ग्राम पंचायतों में पेयजल, स्वास्थ, शिक्षा और कुपोषण की समस्याओं को प्रमुखता के साथ अवगत कराने को कहा ताकि उन समस्याओं का निराकरण कर सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य क्रमशः कविता कोरम, प्रीति आरकी, लच्छुराम मोडियामी, सामंती कोरसा, सतेश कुमार एंण्ड्रीक, नीना रावतिया उद्दे, माथियस कुजूर, शंकरैया मड़वी शामिल हुए। संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में उपसंचालक पंचायत हिमांशु साहू ने आभार व्यक्त किया।

## 49 हितग्राहियों को उपचार के लिए सहायता राशि स्वीकृति

दंतेवाड़ा। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 8-2/2024/1/एक 4 अप्रैल 2024 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये मंत्रियों के जनसंपर्क दौरे मद में 10 लाख रूपये का आवंटन इस जिले को प्राप्त हुआ है। इसके तहत क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी के प्रस्तावित कार्यों की सूची पर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार जनसंपर्क निधि से जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा, कटेकल्याण के 49 अस्वस्थ ग्रामीण जनों के उपचार हेतु सात लाख पैंतीस हजार रूपये की सहायता राशि को प्रशासकीय स्वीकृति दिया गया है।

## शिक्षा के तरीकों में बदलाव को लेकर प्रशिक्षण में शामिल हुए उमाशंकर



हरिभूमि न्यूज : भोंड

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर की ओर से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में 8 मार्च तक आयोजित हुआ। जिसमें राज्य के सभी जिलों से कुल 50 शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। बस्तर जिले से उमाशंकर साहू प्राथमिक शाला बड़ेपारा संकुल फरसागुड़ा विकास खण्ड बस्तर स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से अपने जिले का प्रतिनिधित्व करने प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण में आईआईटी भिलाई के विषय विशेषज्ञ प्रोफेसरों के द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों में करके सीखने हेतु मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण, कारण ढूढने, तार्किकता, गणितीय कुशलता प्राप्ति हेतु नवीन प्रायोगिक शिक्षण विधियों को अपनाने हेतु विस्तारित चर्चा हुआ साथ ही संस्थान के सभी विभागों के प्रयोग शालाओं का भ्रमण करवाकर सभी विभागों के अत्याधुनिक उपकरणों एवं चल रहे शोध कार्यों से शिक्षकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आईआईटी के डॉयरेक्टर डॉ. राजीव प्रकाश तथा कोऑर्डिनेटर के रूप में डॉ. महबूब आलम एवं डॉ. नागेश देवीदास पाटिल शामिल रहे। प्रशिक्षित शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत उक्त प्रशिक्षण को शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रभावी बताया तथा सभी शिक्षण तकनीकों को अपने विद्यालय में अपनाने की बात कही है। प्रशिक्षण हेतु आईआईटी भिलाई एवं राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय के सहायक संचालक डॉ.एम. सुधीश, राजकुमार चाफेकर एपीसी समग्र शिक्षा रायपुर एवं विवेक शर्मा एपीसी दुर्ग ने माना कि यह कार्यक्रम प्रदेश के बच्चों के लिए एक नई दिशा दिखाएगी। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मनोवैज्ञानिक चिंतन, गणित व विज्ञान को छोटे छोटे प्रोयोग को लो या जीरो बजट में सामग्री निर्माण, करके सीखने पर जोर देना। शिक्षा नीति पर जोर देते हुए विषय को और सहज तरीके से बच्चों तक पहुंचाना है।

## 40 महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को स्वामी विवेकानंद प्रशिक्षण केंद्र सुकमा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे ने की। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विभाग के महिला कार्यकर्ता एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुईं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला पुलिसकर्मियों एवं महिला बाल विकास विभाग में पदस्थ महिला कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 40 महिला कर्मचारियों को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।

जनप्रतिनिधि धनीराम ने कहा कि समाज में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। सरकार की ओर से महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मान पर विशेष ध्यान देने के लिए महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओ को अपना अधिकार पाने के लिए जागरूक होना आवश्यक है।

## सांसद ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



बस्तर सांसद महेश कश्यप अपने एक दिवसीय प्रवास पर बस्तर की आराध्य देवी, मां दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा पहुंचे। नगर आगमन पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बस्तर सांसद महेश कश्यप का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। सांसद जिला पंचायत के शपथ समारोह, डीएमएफ एवं दिशा समिति की बैठक में शामिल हुए। सांसद ने बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा की एवं केंद्र व राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवान करने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत की बधाई दी। सांसद महेश कश्यप ने कहा की भाजपा सोच-समझकर वादे करती है, जो वादे करती हैं उन्हें शत-प्रतिशत पूरा भी करती है। यह जीत हमारे शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। हमें मिल रहा सम्मान स्वागत सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान स्वागत है। जो सफलता भाजपा ने हासिल की है वो पहले कभी नहीं मिली थी। प्रदेश के हर कोने में हमने विकास कार्य शुरू किए हैं। हमारे रोड शो में जैसी भीड़ उमड़ रही थी उससे ही जीत का विश्वास हो गया था। जनता का अपार आशीर्वाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ाता है, हम उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे,जनता के कार्यों के लिए हम दिन-रात काम करेंगे, कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा कांग्रेस की तरह नहीं है। कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए कुछ भी वादे करती है और इसे पूरा नहीं करती परन्तु भाजपा सोच-समझकर वादे करती है जो भी वादे किए गए उसे भाजपा शत-प्रतिशत पूरा करेगी। श्री कश्यप ने कहा की पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम लहराने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं की मेहनत से हासिल हुआ है। हम सबने लक्ष्य रखा था जो एक बड़ी चुनौती था कि पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम लहराना चाहिए आप सबकी मेहनत से ये हासिल कर लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की है, इसके लिए मैं हाथ जोड़कर सबका अभिनंदन करता हूं। प्रदेश में लगातार विकास के कार्य हुए व लोगों ने इस बात को महसूस किया कि जो भाजपा कहती है वो करती है।

## डीएवी आवासीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



एनएमडीसी डीएवी आवासीय विद्यालय नगरनार में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सिद्धार्थ वैष्णव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खुदेजा खान और प्राचार्या डॉ. रानी मैथ्यू द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में नारी सशक्तिकरण पर अपनी कविता के माध्यम से बताया कि सुंदरता केवल शारीरिक नहीं होती बल्कि मानसिक व बौद्धिक खूबसूरती ही असली खूबसूरती होती है।

प्राचार्या ने कहानी के माध्यम से सुंदर ढंग से स्कूल के विषय में बताया कि स्कूल एक ऐसी संस्था है जो केवल शिक्षकों से ही नहीं चलता बल्कि वहां काम करने वाले हर कर्मचारियों से चलता है और बच्चे शिक्षक और पुस्तकों के साथ साथ वहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों से कुछ न कुछ अर्जित करते है और उसे अपने जीवन मे उतारते है। महिला दिवस पर विद्यालय के शिक्षक हर्षा भोले, कल्पना साहू, संदीप बेबरता, इंद्रजीत गुप्ता, मनोज कुमार साहू के द्वारा महिला शक्ति पर अपने विचार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी महिला शिक्षिकाओं ने गीत प्रस्तुत किए। सभी महिला स्टॉफ और अन्य महिला कर्मचारियों के लिए खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि खुदेजा खान द्वारा सभी महिला स्टॉफ और अन्य महिला कर्मचारियों को उपहार देकर महिला दिवस की शुभकामनाएं देते आभार व्यक्त किया गया।

## पंजीयन के लिए कैम्प आज

जगदलपुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर और बकावण्ड में भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कम्पनियों में इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना 2.0 शुरू की गई है जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन हेतु संस्था में 11 मार्च को कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैम्प में 21 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी उक्त दिवस को सम्पूर्ण मूल दस्तावेजों के साथ संस्था में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए बस्तर आईटीआई के प्लेसमेंट प्रभारी रवि नारायण साय, सहायक प्लेसमेंट प्रभारी तीजू कुमार ठाकुर एवं कम्प्युटर कार्य हेतु शुभम ठाकुर प्रशिक्षण अधिकारी एवं दीप्ति देवांगन प्रशिक्षण अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## महापौर, निगम अध्यक्ष व पार्षदगण ने दी दादा बलीराम को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बस्तर के धाकड़ नेता में अपनी पहचान बनाने वाले पूर्व सांसद दादा बलीराम कश्यप का सोमवार को पुण्यतिथि थी। इस दौरान उनके गृह ग्राम फरसागुड़ा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मलित होने महापौर संजय पाण्डे फरसागुड़ा पहुंच उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन, निर्मल पाणिग्रही, पंकज आचार्य, शशिनाथ पाठक, लक्ष्मण झा, रितेश सिन्हा, सूरज श्रीवास्तव,विवेक जैन, अनिल पटेल, राहुल सोनी, हरीश पारेख, मनोज ठाकुर भी दादा बलीराम के छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

ग्राम कांकेर तहसील कांकेर

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका गायत्री कडियाम पति स्व. दिनेश कडियाम, जाति गोंड, निवासी ग्राम सिलतरा, तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कांकेर, तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 34/9 रकबा 0.0610 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18.03.2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) , कांकेर,**
मुहर **जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर जिला - बस्तर (छ.ग.)**
**दूरभाष क्र. 07782-222336, (कार्या.) फैक्स क्र. 225777**
**ई-मेलः- spofficejdr@gmail.com**

क्र./ पु.अ./बस्तर/डीसीआरबी / नारको. सेल /182/ 2025
जगदलपुर दिनांक 10/03/2025

**// नीलामी सूचना//**

जिला बस्तर के विभिन्न थाना / चौंकी में नारकोटिक्स मामलों व आबकारी एक्ट के मामलों में जप्त वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया जिलाधीश बस्तर के आदेशानुसार दिनांक 26.03. 2025 को रक्षित केन्द्र जगदलपुर में प्रातः 11:00 बजे से वाहन जहां है जैसी है की शर्त पर नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी वेबसाईड में दिये गये सूची में दर्शित जिस वाहन की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं। उक्त वाहन के मूल्यांकन राशि का 02 प्रतिशत अमानत की राशि "जिला आबकारी अधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर" के नाम डी.डी. एवं आधार कार्ड की छायाप्रति आवश्यक रूप से जिला आबकारी कार्यालय जगदलपुर कलेक्टर परिसर जगदलपुर में जमा कराकर उक्त प्रक्रिया में भाग ले सकते है। नीलामी संबंधी जानकारी :- www.bastar.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी हेतु अमानत राशि (डी. डी) जमा करने की अंतिम तिथी :- 25.03.2025
नीलामी की तिथी :- 26.03.2025 के 11:00 बजे
नीलामी स्थान :-पुलिस लाईन जगदलपुर पुराना बस स्टैण्ड के सामने

**पुलिस अधीक्षक**
**बस्तर, जगदलपुर**

## खबर संक्षेप

### लेखराम साहू अमोड़ा के उप सरपंच निर्वाचित

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोडा में



उपसरपंच का चुनाव हुआ, जिसमें लेखराम साहू दो वोटो के अंतर से उपसरपंच निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित उपसरपंच ने कहा कि हम सरपंच के साथ ग्राम विकास पर विशेष ध्यान देंगे, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, विद्युत एवं ग्रामीणों के विभिन्न बुनियादी समस्याओं को अंतिम व्यक्ति तक शासन का योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, ग्रामीण, वरिष्ठ नागरिक, पीठासीन अधिकारी, ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

### बरहेली की शांताबाई बनीं उपसरपंच

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली में



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। उपसरपंच चुनाव में कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें शांताबाई दर्रो निर्वाचित हुई। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, ग्रामीण, पटेल, गायता, पटेल, पीठासीन अधिकारी, ग्राम पंचायत के सचिव व ग्रामीण उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर से गिरे युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत खैरखेड़ा गिट्टी खदान के पास ट्रैक्टर से उछलकर गिरने से मध्यप्रदेश के सीधी निवासी 27 वर्षीय मनोज सिंह यादव का मौत हो गया। दुर्ग निवासी 35 वर्षीय इंद्रपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि मृतक ट्रैक्टर से मरापी जा रहा था। ट्रैक्टर के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाया, जिससे मृतक जमीन पर गया व गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पानी में डूबने से अधेड़ की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत चारगांव निवासी 47 वर्षीय रत्तीराम आंचले का पानी में डूबने से 19 जनवरी को रात साढ़े 7 बजें मौत हो गया। सीएचसी अंतागढ़ से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक पानी में डूब गया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

**समस्या : प्राणदायिनी इन्द्रावती नदी के सूखने से दिखी नाराजगी**

# इंद्रावती सूखी, हजारों किसानों ने डेढ़ घंटे नेशनल हाईवे पर किया चक्काजाम, ओडिशा से पानी छोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बस्तर

बस्तर की प्राणदायिनी इन्द्रावती नदी में मार्च माह से ही जल संकट की स्थिति निर्मित हुई है। नदी किनारे बसे सैकड़ों गांव की हजारों एकड़ रबी फसल सूखने के कगार पर है। जिसे लेकर परेशान और आक्रोशित हजारों किसानों ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर सड़क पर डेढ़ घण्टे तक चक्काजाम किया। इसके चलते जगदलपुर से रायपुर आने-जाने वाले सैकड़ो वाहन चक्काजाम में फंस गए। यात्री बसों व अन्य निजी वाहने समेत आपातकालीन वाहने जाम में फंसने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

इन्द्रावती नदी में जल संकट से सबसे ज्यादा परेशानी बस्तर और तोकापाल ब्लाक के हजारों किसानों को हो रहा है। क्षेत्र के किसान वर्तमान में ग्रीष्मकालीन धान, गेंहू, मक्का, दलहन, तिलहन एवं बड़े रकबे में सब्जी फसल ले रहे है। ऐसे में इन्द्रावती नदी में बने तीन एनीकट को छोड़ शेष 6 एनीकेट में पानी सूखने की कगार में पहुंचने से हजारों एकड़ में फसल ले रहे किसानों के साथ रोजी रोटी की समस्या आ गई है।





### किसानों की मुख्य मांगें

क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने प्रधानमंत्री के नाम प्रेषित मांगपत्र ने कलेक्टर का ध्यानाकर्षण करते कहा कि वर्तमान में ट्रिपल इंजन की सरकार केंद्र में, छत्तीसगढ़ में ओर ओडिशा में भाजपा की सरकार होने के बाद भी इन्द्रावती नदी के ओडिशा स्थित नवरंगपुर जिला के खातीगुड़ा में बने डेम से पानी छोड़ने में क्यों अड़चने आ रही है। साथ ही ओडिशा के तेलंगिरी,भस्केल और मुरान बैराज से पानी छोड़ने में दिक्कतें क्यों आ रही है। किसानों ने छग सरकार से सवाल करते कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच जल बंटवारे समझौते के अनुसार 50-50 प्रतिशत पानी बस्तर छत्तीसगढ़ को दिया जाए।

### प्रभावित क्षेत्र के किसानों को फसल मुआवजा दे सरकार

किसानों ने छग सरकार से मांग की है कि ओडिशा के अलावा बस्तर के देउरगांव में अविलम्ब बैराज निर्माण किया जाए और ग्राम पंचायत भोंड में बैराज का निर्माण हो एवं समस्त क्षतिग्रस्त एनीकटों की मरम्मत की जाए।

### एसडीएम के आश्वासन के बाद चक्काजाम हुआ खत्म

एसडीएम अगम राणा ने के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के एसडीओ मनोज कुमार साहू ने बताया कि सिंगनपुर और कुमराहवंड एनीकट से 2-3 प्रतिशत पानी छोड़ दिया गया है ताकि नदी में जल स्तर और भूमिगत जलस्त्रोतों का पुनर्भरण हो सके। एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

### किसान संघर्ष समिति ने की अगुवाई

सैकड़ो किसानों के द्वारा आज इंद्रावती नदी में उतपन्न जल संकट के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रायपुर मार्ग पर भोंड मोड़ पर चक्काजाम करने वाले किसानों की अगुवाई करने संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, गणेश राम बघेल, पूरन सिंह कश्यप, कृपालु कश्यप, जलनधर कश्यप, लक्ष्मीनाथ कश्यप सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

**पूर्व विधायक लच्छू की पत्नी पदमा बनीं अध्यक्ष**

# लोहण्डीगुड़ा में जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- उपाध्यक्ष के मुक्त पद पर आदिवासी को लड़ाने से भाजपा के कार्यकर्ता हुए नाराज

बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा हो गया है। 13 सदस्यों में भाजपा समर्थित 7, कांग्रेस समर्थित 5 और 1 निर्दलीय चुनाव जीते थे। आज हुए वोटिंग में भाजपा समर्थित पदमा कश्यप को पार्टी के 7 और निर्दलीय हिड़मो राम का वोट मिलाकर 8 मिलें वहीं कांग्रेस समर्थित ईच्छावती कश्यप को कांग्रेस के सभी 5 जनपद सदस्यों ने वोट डाला। लेकिन उपाध्यक्ष के चुनाव में निर्दलीय का वोट कांग्रेस को मिल गया। भाजपा के डॉ. बसंत कश्यप को 7 और कांग्रेस के विद्याधर नाग को 6 वोट मिले इस तरह उपाध्यक्ष प्रत्याशी मात्र 1 वोट से जीते। आज जनपद पंचायत में चुनाव को लेकर भारी गहमागहमी थी। एसडीएम, थानेदार, जनपद सीईओ समेत जवानों की भी तैनाती रहीं। वहीं उपाध्यक्ष का पद यहां मुक्त रहा। जिसमें तनुजा ठाकुर पारापुर से जनपद सदस्य बनी थी वह भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर की बहू है। यहां अधिकांश कार्यकर्ता उपाध्यक्ष के पद में ओबीसी अथवा जनरल को पार्टी का अभ्यर्थी बनाना चाहते थे। लेकिन शहर से गये प्रभारी डॉ. सुभाऊ कश्यप, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, रूपसिंह मण्डावी तथा योगेन्द्र पांडे और अन्य नेताओं ने दोनों पद पर आदिवासी को मैदान में उतारा इसे लेकर कुछ समय के लिए विवाद और तनातनी की स्थिति निर्मित हुई।

### कांग्रेस के महेश और योगेश थे पदाधिकारी

पिछले कार्यकाल में कांग्रेस की जनपद में सरकार रही जनपद अध्यक्ष महेश कश्यप और उपाध्यक्ष योगेश बैज थे इस बार दोनों ने अलग अलग क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा जिसमें महेश हारे और योगेश की जीत हुई।

## सात मृतकों के परिजनों के लिए 28 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत सर्प काटने, आग में जलने, कुंआ, डबरी तथा तालाब में डूबने से मृत्यु होने के 07 प्रकरणों के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मृतकों के निकटतम आश्रितों को कुल 28 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत किया है।

जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम चौगेल निवासी 42 वर्षीय राजेन्द्र नरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित ओमप्रकाश नरेटी को चार लाख रूपए और ग्राम साल्हे निवासी 61 वर्षीय गोमती बाई उईके की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित सियाराम को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार पखांजूर तहसील के ग्राम मुरडोडा निवासी परमेश्वरी यादव की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने पर आश्रित तुलाराम यादव के लिए चार लाख रूपए तथा पीव्ही 40 पुरूषोत्तमनगर निवासी ढाई वर्षीय दिक्षिता दास की गड्ढे में गिरने से मृत्यु होने पर आश्रित रमेश दास के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

कोयलीबेड़ा तहसील के ग्राम गोटांच निवासी 44 वर्षीय रासोबाई आंचला की डबरी में डूबने से मृत्यु होने पर घसियाराम आंचला के लिए चार लाख रूपए तथा अंतागढ़ तहसील के ग्राम बरेंबेड़ा निवासी 58 वर्षीय मंगल राम कोर्राम की मृत्यु सर्प काटने से हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती अंकालो बाई के लिए चार लाख रूपए और नरहरपुर तहसील के ग्राम चरभट्टी निवासी 04 वर्षीय गौरव पटेल की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता - पिता खोमनलाल और जानकी पटेल के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## घर के बाहर से बाइक की चोरी ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ी वारदात



**कांकेर।** दुर्गूकोंदल में घर के सामने खड़ी की गई बाईक को किसी अज्ञात चोर चोरी करके भाग गए। वाहन का मालिक बाईक को टेंट वाले के घर के सामने खड़ी कर उसके घर के अंदर काम की बात करने के लिए गया था। घर अंदर बात करके बाहर निकलने पर देखा कि उसकी बाईक गायब हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

दुर्गूकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे पाऊरखेड़ा निवासी 19 वर्षीय अमन कुमार टांडिया पिता स्व. शिव कुमार ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में दुर्गूकोंदल भट्टीपारा में रहता हूं । मैं 5 मार्च को सायं साढ़े 5 बजे निखिल नरेटी के घर के सामने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 3426 को खड़ा करके उनके घर अंदर गया। निखिल नरेटी से टेंट काम करने के संबंध में बातचीत किया। बातचीत करने के उपरांत निखिल के घर से बाहर निकला तो देखा कि मैने जहाँ पर मोटर सायकल को खड़ा किया था, वहाँ पर मोटर सायकल नहीं थी। मेरी मोटर सायकल का रंग ग्रे है औ उसकी कीमत लगभग 30 हजार के आसपास होगी।

मैने और निखिल ने आसपास के लोगों से पतासाजी किया, परंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया कि बाहर खड़ी मोटर सायकल को कौनर ले गया। मैने इंतजार किया कि कोई धोखे से ले गया होगा तो वापिस कर देगा परंतु आज तक मोटर सायकल नहीं मिलने पर पुलिस के पास पहुँचा हूँ।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने कहा कि चोरी हुए वाहन की जानकारी आसपास थानों को भी दिया गया है, हमारी टीम पतासाजी में जुट गई है।

## कमिश्नर ने बच्चों को कामर्स पढ़ाकर किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कमिश्नर डोमन सिंह ने सोमवार को बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत घाट लोहंगा एवं बस्तर के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं बेहतर नतीजे लाने के लिए कक्षा नवमीं से ही बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किए जाने कहा। इस दिशा में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से अध्यापन किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अपने भ्रमण के दौरान स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल बस्तर में लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। साथ ही कक्षा पहली एवं दूसरी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वामी आत्मानन्द हिन्दी माध्यम स्कूल बस्तर में कक्षा 11 वीं वाणिज्य के बच्चों की पढ़ाई के स्तर को परखने के लिए कामर्स के जनक और मूल्य ह्रास के बारे में पूछा, साथ ही लेखाशास्त्र के पाठ्यक्रम के सम्बंध में बच्चों से सवाल किए। बच्चों ने भी इन सवालों का जवाब दिया तो कमिश्नर ने बच्चों को पूरी लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करने की समझाइश देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सम्बन्धित स्कूलों के प्रधानाचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## जिला खेलकूद में दमकसा के खिलाड़ियों ने जीती ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय महिला खेल-कूद प्रतियोगिता 8 मार्च को कांकेर में हुआ, जिसमें जिले के सातों विकासखंड की टीमों ने हिस्सा लिया। दो वर्ग ग्रुप 9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष में प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के शाउमावि दमकसा के छात्राओं ने व्हालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों में मौसम पद्माकर, पूर्णिमा गावड़े, दिशा गावड़े, पम्मी मण्डावी, सुलोचना नेताम, टिकेश्वरी कोमरे, संजेश्वरी उयके रहे। टीम के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्था के प्राचार्या कुमुद ध्रुव ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। व्यायाम शिक्षक मनोज दरियो ने भी खेल से हमेशा जुड़े रहने और खेल से आगे बढ़ने प्रयासरत रहने की बात कही।

# सायबर अपराध के खिलाफ, नरहरपुर पुलिस ने गांव-गांव में अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर पुलिस नरहरपुर थाना क्षेत्र के गाँवों में पहुँचकर ग्रामीणों से संवाद करके ग्रामीणों को सायबर अपराध को लेकर जागरूक कर रही है और ग्रामीणों को सायबर अपराध किस तरह से सायबर अपराधी करते है उसका लिखित में पंपलेट भी वितरण कर रहे है।

- ग्रामीणों को सायबर अपराध के सभी तरीकों से बचने वितरण कर रहे पंपलेट



नरहरपुर थाना प्रभारी राठौर ने बताया कि नरहरपुर थाने की टीम थानाक्षेत्र के गांवो में पहुँचकर आमजनता को जागरूक करने में लगे हुए है। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि कोई अनजान व्यक्ति आपको कॉल या मैसेज कर लुभावना आफर देता है या आपके किसी सर्विस के ब्लॉक होने का भय दिखाता है, आपकी किसी एग्जिस्टिंग सर्विस, ऑनलाइन खरीददारी या व्यक्तिगत जानकारी देकर आपको विश्वास में लेता है तो आपको सचेत होने की जरूरत है। अनजान व्यक्ति फोन करके आधार नंम्बर, पैन कार्ड का नम्बर, एटीएम नंबर या ओटीपी को माँगता है, उसे साझा न करें। बीमा, फाइनेंस, किश्त, लोन, केवायसी अपडेट, सीम ब्लॉक होना, लॉटरी, केबीसी या लक्की ड्रा जैसे विषय को लेकर कॉल या मैसेज आते है, उससे बचने की जरूरत है। लोन एप्प के झारों में न आए, यह बाद में आपका ब्लैक मेल करते हैं। अनजान व्यक्ति के कहने पर किसी भी यर्ड पार्टी एप्लीकेशन जैसे क्विक सपोर्ट, एनीडेस्क, टीम व्यूयर को इंस्टाल न करें। अनजान नंबर से आए लिंक्स को कभी क्लिक ना करें। आपका फोन हैक हो सकता है।



### डिजिटल अरेस्ट के झांसे में न आएं

थाना प्रभारी ने बताया कि डिजिटल हाऊस अरेस्ट एक नया सायबर अपराध है, जिसमें जालसाज ठगबाज लोगों को गिरफ्तारी का डर दिखाकर, डरा धमकाकर पुलिस अधिकारी व सीबीआई ऑफिसर अन्य जाँच एजेंसी इत्यादि के रूप में अपने आप को प्रस्तुत करते हुए घरों में कैद कर लेते है और फिर उनके खातों से ओटीपी या पासवर्ड मांगकर पैसा निकाल लेते है या किसी रिश्तेदार को गिरफतार किया गया है कहकर पैसों की मांग करते है ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, नहीं तो आप सायबर ठगी का शिकार हो सकते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## ईडी की छापेमार कार्रवाई से भ्रष्टा कांग्रेसियों में बौखलाहट : पीयूष

**कोरर।** प्रदेश में ईडी की छापेमार कार्यवाही से कांग्रेस बौखला गए है, उनका अब असली चेहरा उजागर हो रहा है। कांग्रेसियों को ईडी की कार्यवाही में मदद करना चाहिए, परंतु ईडी पर ही प्रश्न खड़ा कर रहे है। उक्त बातें कोरर भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने कहीं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार के हर आरोपी के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्ता क्यों पाई जा रही है। पूर्व सीएम अगर पाक साफ हैं, तो ईडी की कार्यवाही में सहयोग क्यों नहीं करते है। प्रदेश में पाँच साल में हुए हर भ्रष्टाचार और हर अपराध के साथ पूर्व मुख्यमंत्री का नाम जुड़ ही जाता है। कोल घोटाला केस में सौम्या चौरसिया, समीर बिश्नोई और रानू साहू के साथ पूर्व सीएम का नाम भी सामने आया, जितने भी अपराध और भ्रष्टाचार हुए हैं। उनमें कहीं ना कहीं इनका कनेक्शन पाया जा रहा है।



देश में जब भी ऐसी कोई घटना होती है, तो उसमें कहीं ना कहीं कांग्रेस या फिर कांग्रेस नेताओं के नाम जरूर आते हैं। छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बना दिया था और पाँच साल में अन्य चुनावी राज्यों में पैसा पहुँचाया गया है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार के जो आरोप लगते रहे, वह सच भी हुए। एटीएम मानकर छत्तीसगढ़ से पैसे दूसरे राज्यों को जाते रहे।

कांग्रेस के कार्यकाल में शराब घोटाला या फिर दूसरे अन्य घोटाले में कुछ लोग जेल के अंदर हैं, कुछ लोग बेल में है। पाँच सालों तक कांग्रेस के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार और घोटालों के खिलाफ आवाज उठाई। कांग्रेस यह कहती रही है कि हमें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। भ्रष्टाचार और घोटाले अब जिस तरह से उजागर हो रहे हैं, उसमें कांग्रेस के लोग और खासतौर पर पूर्व मुख्यमंत्री की पूरी संलिप्ता नजर आ रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport